इंदौर, सोमवार 08 जून 2026
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 190
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2
dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650


राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

आयुक्त ने उद्यान विकास कार्यों का किया निरीक्षण



पेज-2

माइक्रो-ड्रामा मनोरंजन का भविष्य : नियति



पेज-5

7 दिन में किराया बढ़ाओ वरना बस नहीं चलाएंगे



पेज-6

### न्यूज ब्रीफ

- कर्नाटक : ऑनलाइन गेमिंग की लत के शिकार युवक ने पेरेंट्स-बहन की चाकू से की हत्या
- शेयर बाजार में बड़ी गिरावट, सेंसेक्स 829 और निफ्टी 262 अंक लुढ़का
- फिलीपींस में 7.8 तीव्रता का भूकंप, कम से कम 5 लोगों की मौत
- बंगाल CM का बड़ा दावा : 4,800 अवैध घुसपैठियों को बांग्लादेश भेजा, 836 और होंगे डिपोर्ट
- बगदाद में जोरदार धमाका, कई इलाकों में सुनाई दी विस्फोट की आवाज
- कोलकाता : जादवपुर में पुलिस-हॉकरों के बीच झड़प, कई लोग घायल
- लेबनान : बेरूत में विस्फोटों की गूंज
- डोनाल्ड ट्रंप बोले- फैसले मैं लेता हूं, नेतन्याहू नहीं, वो ईरान के साथ समझौता स्वीकार करेंगे
- अगले आदेश तक ईरान के हवाई क्षेत्र का पश्चिमी हिस्सा बंद किया गया
- जर्मनी : म्यूनिख एयरपोर्ट पर दिखा धुआं, फ्लाइट्स की उड़ान रोकी गई
- भूटान में 5.6 तीव्रता का भूकंप आया
- मणिपुर : उखरुल जिले में नई चौकी को लेकर असम राइफल्स के साथ झड़प में 4 नागरिक घायल

खरीदी-बिक्री में हर माह एक हजार करोड़ की कमी

# जमीनों की खरीद-फरोख्त का बुलबुला फूटा, रियल एस्टेट मंदी की चपेट में



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर का रियल एस्टेट एक साल से लगातार मंदी की चपेट में आ रहा। रियल सेक्टर में बैचेनी बढ़ती जा रही है। इसकी एक वजह इंदौर को लेकर शासन स्तर के फैसले भी बड़ी वजह हैं। मास्टर प्लान अटकने से धंधा धड़ाम हो रहा है। इंदौर रियल एस्टेट को अब बड़े बूस्ट की जरूरत है, नहीं तो इसकी हालत बेहद खराब हो जाएगी। शासन की चौतरफा अटकाने वाली नीतियों ने इसे बुरी तरह प्रभावित किया है। हालत यह है कि जो रियल एस्टेट इंदौर में औसतन हर माह ढाई हजार करोड़ का था, वह घटकर डेढ़ हजार करोड़ के करीब पहुंच चुका है। यानी इसमें एक हजार करोड़ की कमी आ चुकी है।

**इससे मिल रहा संकेत, गिर गया रियल एस्टेट**-इंदौर जिले में रजिस्ट्रेशन से मई माह में 13 हजार डॉक्यूमेंट रजिस्टर्ड हुए और इससे 163 करोड़ की आय हुई। यानी करीब 1600 करोड़ की संपत्तियां बिकी हैं। वहीं बीते साल मई 2025 में 14 हजार 788 संपत्ती के डॉक्यूमेंट रजिस्टर्ड हुए और 198 करोड़ की आय हुई, यानी करीब दो हजार करोड़ की संपत्तियां बिकी थी। अप्रैल 2026 में भी 160 करोड़ की आय हुई यानी 1600 करोड़ के करीब की संपत्तियां बिकी थीं।

**हर माह तीन हजार करोड़ की संपत्तियां बिकना जरूरी**-मध्य प्रदेश शासन के पंजीयन विभाग से इंदौर जिले को इस बार 3 हजार 550 करोड़ के राजस्व का लक्ष्य मिला है। यानी इसके लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में इंदौर में करीब 36 हजार करोड़ की संपत्तियों का कारोबार होना चाहिए। यानी हर माह औसतन तीन हजार करोड़ के कारोबार की जरूरत है। इस हिसाब से अभी लक्ष्य का मात्र 60 फीसदी ही पूरा हो रहा है। बीते वित्तीय वर्ष भी तीन हजार करोड़ से अधिक का लक्ष्य था लेकिन केवल 2 हजार 750 करोड़ का राजस्व मिला था। वहीं मप्र शासन की ओर से सबसे ज्यादा रोजगार देने वाले और धंधा देने वाले सेक्टर को लेकर कोई बड़े प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। उधर शासकीय जटिल प्रक्रियाएं जैसे टीएंडसीपी, निगम और प्रशासन की तरफ से खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं।

### रियल एस्टेट गिरने की वजह सरकार

रियल एस्टेट गिरने की सबसे बड़ी वजह और कोई नहीं बल्कि खुद सरकार है। कारण यह है कि मास्टर प्लान को लेकर भारी असमंजस है। साल 2021 में खत्म हुआ मास्टर प्लान अभी तक नहीं आया। इंदौर मेट्रोपोलिटन सिटी में क्या होगा, किसी को नहीं पता। इंदौर में अधिक ग्रोथ की संभावनाओं वाले 79 गांवों में नक्शों पर रोक है, धारा 16 में भी एक साल से मंजूरियां बंद हैं। इकोनॉमिक कॉरिडोर के चलते 17 गांवों में नक्शे रुक गए हैं। वहीं नेशनल हाईवे के विभिन्न प्रोजेक्ट, रेल लाइन प्रोजेक्ट, आईडीए के अहिल्या पथ जैसे प्रोजेक्ट के चलते कई गांवों में कॉलोनी विकास के काम पर रोक है। इंदौर के चारों ओर लगे हुए गांवों में कोई न कोई व्यवधान लगा हुआ है।

## सार्थक निकले सीबीआई से भी तेज, राहुल गांधी हुए मुरीद



**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● अपनी खराब और लचर परीक्षा प्रणाली को लेकर पूरे देश में फजीहत करवा चुके केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के कारनामों की पोल खोलने वाले 18 साल के छात्र सार्थक की सोशल मीडिया पर हर तरफ चर्चा हो रही है।

अब कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी सार्थक की सूझबूझ और हिम्मत की जमकर तारीफ की है। राहुल गांधी ने सार्थक की पीठ थपथपाते हुए अपने ऑफिशियल 'एक्स' (पहले ट्विटर) हैंडल पर उनके साथ एक वीडियो भी शेयर किया है, जो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो को पोस्ट करते हुए राहुल गांधी ने लिखा, 'सार्थक अभी सिर्फ 18 साल का है, लेकिन अपनी सोच, साहस और सिद्धांतों के मामले में वह किसी भी बड़े से बड़े दिग्गज से कम नहीं है। सार्थक और उसके साथी निसर्ग ने मिलकर वह ऐतिहासिक काम कर दिखाया है जो देश के बड़े-बड़े मीडिया हाउस और खोजी पत्रकार भी नहीं कर पाए।

### बादलों का घना साया दे रहा है मानसून की दस्तक का संकेत...



इंदौर में रोज शाम को इस तरह से बादलों का घुमड़ना वर्षा ऋतु के आने का संदेश ला रहा है। फोटो दैनिक इंदौर संकेत

ईरान-इजराइल में फिर जंग

## ईरान ने तेल अवीव पर मिसाइलें दागीं

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)** ● ईरान और इजराइल के अप्रैल में हुए सीजफायर केक 2 महीने बाद दोबारा जंग शुरू हो गई। ईरान ने रविवार रात इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। ईरान की रेवोल्यूशनरी गार्ड ने कहा कि यह कार्रवाई लेबनान में हिजबुल्लाह पर इजराइली हमलों के जवाब में की गई है। हमलों के बाद इजराइल के कई हिस्सों में सायरन बजे और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया। इसके जवाब में कुछ घंटों बाद इजराइल ने ईरान में जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी।

**राज्यसभा चुनाव :** सियासी सरगर्मियां तेज, आज नामांकन जमा करने का आखिरी दिन

# तीसरी सीट पर बढ़ा सियासी रोमांच, प्रदेश से बाहर जाएंगे कांग्रेसी विधायक

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● मध्य प्रदेश की तीसरी राज्यसभा सीट का मुकाबला अब बेहद दिलचस्प हो गया है। भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन के मुकाबले मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष महेश केवट को मैदान में उतार दिया है। दोनों प्रत्याशी सोमवार को भोपाल में अपना नामांकन दाखिल करेंगे। भाजपा के तीसरे उम्मीदवार के मैदान में आने के बाद कांग्रेस की रणनीति भी बदलती नजर आ रही है और पार्टी अपने विधायकों को तेलंगाना भेजने पर विचार कर रही है।

तीसरे उम्मीदवार को लेकर रविवार को मुख्यमंत्री निवास में करीब एक घंटे तक मंथन चला। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल सहित वरिष्ठ नेताओं ने चुनावी रणनीति, संख्या बल और नामांकन प्रक्रिया पर चर्चा की। बैठक के बाद महेश केवट के नाम पर अंतिम सहमति बनी। सोमवार को भाजपा शक्ति प्रदर्शन के साथ नामांकन दाखिल करेगी। दोपहर डेढ़ बजे प्रदेश भाजपा कार्यालय में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, अजय जामवाल, मंत्री, विधायक और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जुटेंगे। यहां से रैली के रूप में विधानसभा पहुंचकर महेश केवट का नामांकन दाखिल कराया जाएगा। भाजपा के इस कदम को सामाजिक और राजनीतिक दोनों दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। महेश केवट के जरिए पार्टी ने पिछड़े और मछुआरा समाज को बड़ा संदेश देने की कोशिश की है। वहीं कांग्रेस के लिए यह चुनाव अब प्रतिष्ठा का सवाल बन गया है।



महेश केवट



मीनाक्षी नटराजन

राज्यसभा चुनाव में नामांकन जमा करने की सोमवार को आखिरी दिन है। कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन भी सोमवार को नामांकन दाखिल करेंगी। मीनाक्षी सुबह 11 बजे प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से विधानसभा के लिए रवाना होंगी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव, मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक समेत बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। भाजपा के तीसरे उम्मीदवार के मैदान में उतरने से राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। अब नजरें दोनों दलों की रणनीति और विधायकों की एकजुटता पर टिकी हैं, क्योंकि मुकाबला संख्या बल के साथ-साथ राजनीतिक प्रबंधन की भी परीक्षा माना जा रहा है।

### क्या है तीसरी सीट का गणित

राज्यसभा चुनाव के लिए जरूरी वोटों का गणित कांग्रेस के पक्ष में बेहद सीमित अंतर से खड़ा है। अप्रैल में दतिया विधायक राजेंद्र भारती की सदस्यता समाप्त होने के बाद 230 सदस्यीय सदन में कांग्रेस विधायकों की संख्या घटकर 64 रह गई है। विजयपुर से कांग्रेस विधायक मुकेश मल्होत्रा के मतदान पर कोर्ट ने रोक लगा रखी है। वहीं, बीना विधायक निर्मला सप्रे का मामला लंबित होने के बावजूद उनका पूरा झुकाव भाजपा की ओर माना जा रहा है। ऐसे में कांग्रेस के प्रभावी वोट घटकर 62 रह गए हैं, जबकि एक सीट जीतने 58 वोटों की जरूरत है। अभी यह संख्या तो कांग्रेस के पास है, लेकिन पार्टी के भीतर असंतोष और संभावित क्रॉस वोटिंग उसकी मुश्किलें बढ़ा सकती है। भाजपा के पास 164 विधायक हैं, यानी दो सीटें जीतने के बाद भी 48 वोट बचेंगे। उसे तीसरी सीट जीतने 10 वोटों की जरूरत है। भारत आदिवासी पार्टी का एक वोट भाजपा को मिलना लगभग तय है। ऐसे में यदि कांग्रेस में क्रॉस वोटिंग होती है, तो भाजपा तीसरी सीट पर भी जीत सकती है।

## टैलेंट हंट प्रोग्राम से नहीं निकले नए प्रवक्ता

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● मप्र कांग्रेस में पिछले चार महीनों से प्रदेश स्तर पर कोई आधिकारिक प्रवक्ता नहीं है। फरवरी में पार्टी ने सभी प्रदेश प्रवक्ताओं को कार्यमुक्त किए जाने के बाद से नए प्रवक्ताओं की नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है, लेकिन अब तक अंतिम सूची घोषित नहीं हुई है। इस स्थिति में कांग्रेस संगठन मीडिया और टीवी चर्चाओं में अपनी बात रखने पूर्व प्रवक्ताओं पर निर्भर है। सार्वजनिक मंचों पर भी पूर्व प्रवक्ता ही पार्टी पक्ष रख रहे हैं। कांग्रेस ने नए प्रवक्ताओं की नियुक्ति के लिए टैलेंट हंट प्रोग्राम शुरू किया था। इसका उद्देश्य नए व प्रशिक्षित चेहरों को सामने लाना था, जो मीडिया में पार्टी का प्रभावी प्रतिनिधित्व कर सकें। प्रदेश के साथ-साथ जिला स्तर पर भी चयन किया जाना है। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि इससे संगठन को नए और सक्रिय कार्यकर्ता मिलेंगे तथा मीडिया प्रबंधन को मजबूती मिलेगी। टैलेंट हंट कार्यक्रम का पहला चरण मार्च में हुआ था। इसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। हालांकि इसके बाद चयन प्रक्रिया कुछ समय में धीमी पड़ गई।



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा के कानूनी मामलों में व्यस्तता के कारण कार्यक्रम का दूसरा चरण समय पर नहीं हो सका। चूंकि पूरी प्रक्रिया कांग्रेस के मीडिया एवं की निगरानी में थी, इसलिए इसका असर चयन कार्यक्रम पर भी पड़ा। मई के दूसरे पखवाड़े में चयन प्रक्रिया के फाइनल इंटरव्यू पूरे कर लिए गए हैं। उम्मीदवारों के मूल्यांकन का काम भी लगभग पूरा हो चुका है। कांग्रेस ने संकेत दिया था कि मई के अंत तक परिणाम आएंगे, लेकिन जून का पहला सप्ताह बीता लेकिन नई नियुक्तियों की घोषणा नहीं हुई है।

## तबादले की अजीबो-गरीब शर्त : विधवा या परित्यक्ता महिला से मांगा सबूत

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● मध्य प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की तबादला नीति ने उसे चर्चाओं में ला दिया है। इस नीति में विधवा और परित्यक्ता महिला कर्मचारियों से इसका सबूत मांगा गया है। कहा गया है कि तबादला चाहने वाली ऐसी कर्मचारियों को अब एसडीएम या कोर्ट से प्रमाण पत्र लेकर यह साबित करना होगा कि वे वास्तव में विधवा या परित्यक्ता हैं।

इन महिला कर्मचारियों को ऑनलाइन आवेदन के साथ शपथ पत्र के अलावा एसडीएम या कोर्ट द्वारा जारी लिखित प्रमाण पत्र अपलोड भी करना होगा। इसी तरह अगर 18 साल से कम उम्र की संतान के लिए महिला या पुरुष कर्मचारी एकमात्र देखरेख करने वाला है तो उसे तबादला आवेदन के साथ शपथ पत्र या एसडीएम या कोर्ट का प्रमाण पत्र लगाना होगा।

ये भी बता दें कि सिर्फ स्वास्थ्य विभाग ने ही अपनी तबादला नीति में ऐसी शर्त को शामिल किया है। हाल ही में जारी स्कूल शिक्षा विभाग की तबादला नीति में ऐसी किसी शर्त का जिक्र नहीं है। ऐसी महिला कर्मचारियों को सिर्फ उस ऑप्शन पर टिक करना है।

### स्वास्थ्य विभाग में तबादला चाहने वालों को एसडीएम या कोर्ट का सर्टिफिकेट जरूरी



## क्रीडा भारती द्वारा विश्व साइकिल दिवस पर रैली का आयोजन किया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • क्रीडा भारती द्वारा संपूर्ण भारत मे विश्व साइकिल दिवस का आयोजन रखा गया। इसमें इंदौर महानगर की ईकाई द्वारा प्रात:7 बजे से साइकिल रैली का आयोजन किया गया। जो राजबाड़ा से प्रारंभ होकर राजबाड़ा पर ही संपन्न हुई। रैली का नेतृत्व मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ के अध्यक्ष रमेश मेंदोला विधायक द्वारा किया गया। रैली मे 5 साल के बच्चे से लेकर 75 साल की आयु तक वालों ने सहभागिता की।

## डॉ. निशा जोशी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर दो स्थानों पर हुआ औषधीय पौधारोपण

**दैनिक इंदौर संकेत**



**इंदौर** • विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, जनजागरण एवं स्वस्थ समाज के निर्माण के उद्देश्य से निशा जोशी योग अकादमी, इंदौर एवं योग गंगा योगिक साइंटिफ़िक एंड स्प्रिचुअल फाउंडेशन द्वारा शहर में दो स्थानों पर औषधीय पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रथम कार्यक्रम अग्रसेन धाम, फूटी कोठी, इंदौर में आस्था योग क्रांति अभियान परिवार एवं निशा जोशी योग अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

## मेव ट्रस्ट ने किया 350 से अधिक मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • मेव एजुकेशनल वेल्फेयर अवेयरनेस ट्रस्ट, इंदौर द्वारा आज अहिल्या माता कॉलोनी (रानी सती गेट) स्थित चरक हॉस्पिटल कैम्पस के संतोष ऑडिटोरियम (फिल्म भवन) में 'मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह 2026' का भव्य आयोजन किया गया। इस गरिमामयी समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल एवं IAS अधिकारी शोएब अख्तर मेव उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में सी.ए. मुख्तियार साहब एवं उनकी टीम, प्रोफ़ेसर डॉ. असद खान, सय्यद आसिफ अली वारसी, सिने-तारिका सारिका दीक्षित, लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष दिनेश रामदार, एडवोकेट रमजान (MSW एक्टिविटी संस्था) और सूरज कानोडिया (अनहद संस्था) ने शिरकत की।

## मातृशक्तियों के बिना समाज की कल्पना असंभव, सेवा और प्रतिभाओं के सम्मान से बढ़ता है समाज का गौरव- पटेल



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • श्री वासुदेव चन्द्रवंशी यादव समाज संघ के तत्वावधान में गीता रामेश्वरम ट्रस्ट के संयुक्त सहयोग से रीगल चौराहा स्थित इंडियन कॉफी हाउस में एक भव्य सम्मान समारोह और नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम शनिवार को गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस भव्य आयोजन में समाजसेवा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाली मातृशक्तियों और शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का नागरिक अभिनंदन किया गया।

### छावनी में बर्बर तोड़फोड़ के खिलाफ सत्यनारायण पटेल की हुंकार

## निकाली विशाल 'जन अधिकार यात्रा'

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • शहर में मास्टर प्लान और विकास के नाम पर पुरानी धरोहरों व गरीबों के मकानों को जमींदोज करने तथा छावनी क्षेत्र में नगर निगम द्वारा की गई बर्बरतापूर्ण तोड़फोड़ के खिलाफ राष्ट्रीय कांग्रेस सचिव सत्यनारायण पटेल के नेतृत्व में शुक्रवार को इंदौर की सड़कों पर जन-सैलाब उमड़ पड़ा। इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में निकाली गई विशाल 'जन अधिकार यात्रा' मधु मिलन चौराहे से शुरू होकर छावनी चौराहे तक पहुंची। रैली में प्रभावित परिवारों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों की भारी भीड़ उमड़ी। 'जनता के सम्मान में कांग्रेस मैदान में' के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा।

## इंदौर विकासखंड के हजारों शिक्षक कर्मचारियों का वेतन अभी तक नहीं मिला

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • जिलें के इंदौर विकासखंड शिक्षा कार्यालय के अधीन हजारों शिक्षक व कर्मचारियों को शनिवार 06 जून तक भी पिछले माह का वेतन भुगतान नहीं होने से उनमें गहरी नाराजगी व्याप्त है। पुरानी पेंशन



बहाली संघ के जिलाध्यक्ष एवं शासकीय शिक्षक संगठन मध्यप्रदेश के प्रदेश मीडिया प्रभारी दिनेश परमार के मुताबिक इंदौर विकास खंड शिक्षा कार्यालय अंतर्गत लगभग 37 संकुल आते है जिसमें प्राचार्य, व्याख्याता,एलडीटी, यूडीटी, बाबू, कार्यालय सहायक एवं नवीन शिक्षक संवर्ग सहित साढ़े चार से पांच हजार शिक्षक कर्मचारी कार्यरत है। इन्हें शनिवार 06 जून तक वेतन भुगतान नहीं होने से उनमें नाराजगी व्याप्त है। श्री परमार ने बताया कि अधिकांश शिक्षकों ने बैंक लोन लें रखें है उनकी ईएमआई 2 तारीख को कटने से उन्हें बैंक सरचार्ज देने को विवश होना पड़ा है। श्री परमार ने बताया कि यदि सोमवार तक भी वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो उन्हें मजबूरन वरिष्ठ अधिकारियों को ज्ञापन सौंप कर अपनी पीड़ा बताना पड़ेगी

### आयुक्त ने उद्यान विकास कार्यों और सड़क निर्माण का किया निरीक्षण

# सड़क निर्माण की धीमी रफ्तार पर ठेकेदारों को फटकार, जुर्माना

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने शनिवार सुबह निर्माणाधीन सड़क परियोजनाओं एवं उद्यान विकास कार्यों का एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौर और अधिकारियों के साथ सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर कार्य की अत्यंत धीमी प्रगति सामने आने पर आयुक्त ने गहरी नाराजगी व्यक्त की और संबंधित निर्माण एजेंसियों को कड़ी फटकार लगाई। निरीक्षण की शुरुआत मेघदूत गार्डन से हुई, जहां आगामी ब्रिक्स कार्यक्रम के अंतर्गत आने



वाले अतिथियों द्वारा पौधारोपण किया जाना प्रस्तावित है। आयुक्त ने स्थल पर चल रही तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया और पौधारोपण क्षेत्र, सौंदर्गीकरण एवं अन्य व्यवस्थाओं को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने उद्यान प्रभारी एवं संबंधित अधिकारियों को कार्यों में समन्वय बढ़ाकर सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा। इसके बाद आयुक्त ने सांवेर रोड पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया, जहां एसकेएस इन्फ्रा प्रोजेक्ट लिमिटेड के प्रतिनिधियों द्वारा कार्य की धीमी गति पर उन्होंने नाराजगी जताई। इसी क्रम में मालवीय नगर रोड निर्माण कार्य का निरीक्षण भी किया गया, जहां कार्य प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर फटकार लगाई।

### निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप हों निर्माण कार्य

आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि कार्यों की प्रगति में सुधार नहीं होता है तो निर्माण एजेंसियों पर नियमानुसार पेनाल्टी लगाई जाए। साथ ही कंसल्टेंट की भूमिका पर भी गंभीर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि परियोजनाओं की निगरानी व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप हों तथा हर चरण पर तकनीकी परीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## छावनी क्षेत्र में वैध संपत्तियों पर की गई कार्रवाई अन्यायपूर्ण एवं अमानवीय-कांग्रेस

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता आनंद जैन कासलीवाल ने इंदौर के छावनी क्षेत्र में लगभग 250 परिवारों के मकानों को तोड़े जाने की कार्रवाई को अन्यायपूर्ण, असंवेदनशील एवं जनविरोधी बताते हुए भारतीय जनता पार्टी की सरकार और नगर निगम प्रशासन पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

यहां तक की छावनी स्थित दिगंबर जैन मंदिर जो 130 साल पुराना है उसे भी अतिक्रमण का नोटिस दिया गया है यह धर्म और मंदिरों की राजनीति करने वाली भारतीय जनता पार्टी ने को क्या हो गया है। कासलीवाल ने कहा कि जिन मकानों पर कार्रवाई की



गई है, वे कोई अवैध बस्तियां नहीं हैं, बल्कि कई परिवार पिछले लगभग 100 वर्षों से वहां निवास कर रहे हैं तथा उनके पास संपत्ति की विधिवत रजिस्ट्री उपलब्ध है। नगर निगम द्वारा वर्षों से इन संपत्तियों पर संपत्ति कर, जलकर एवं स्वच्छता कर वसूला जाता रहा है, जो स्वयं इस बात का प्रमाण है कि प्रशासन इन संपत्तियों के अस्तित्व और वैधता को स्वीकार करता रहा है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के निवासी एवं सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता कैलाश वेद ने प्रशासन से प्रश्न किया कि यदि किसी प्रकार का अतिक्रमण है तो उसे हटाया जाए। किन्तु नागरिकों की खरीदी हुई वैध संपत्ति को किस आधार पर ध्वस्त किया जा सकता है।

## भाजपा में सत्ता का अहंकार चरम पर, वर्चस्व की लड़ाई अब सड़कों पर-चौरसिया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अमित चौरसिया ने इंदौर भाजपा में लगातार सामने आ रहे विवादों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि भारतीय जनता पार्टी का तथाकथित अनुशासन अब पूरी तरह बेनकाब हो चुका है। इंदौर में भाजपा नेताओं के बीच वर्चस्व की लड़ाई और सत्ता का अहंकार इस स्तर तक पहुंच गया है कि अब उनके विवाद थानों और सड़कों तक पहुंच रहे हैं।

हाल ही में भाजपा विधानसभा क्रमांक 4 के प्रभारी रहे विरेंद्र शेड़गे को उनके विवादित आचरण के कारण पद से हटाया जाना इस बात का प्रमाण है कि भाजपा के भीतर अनुशासन नहीं बल्कि गुटबाजी, दबंगई और सत्ता का नशा हावी है। एक महीने के भीतर दूसरा बड़ा विवाद सामने आया है। पहले ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार और अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी के साथ मारपीट की घटना ने भाजपा की वास्तविक कार्यसंस्कृति को उजागर कर दिया है।

अमित चौरसिया ने कहा कि कुछ समय पहले महूनाका चौराहे पर भाजपा नेता द्वारा ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हुए पुलिसकर्मियों से विवाद किया गया था। सीसीटीवी फुटेज में गलती स्पष्ट दिखाई देने के बावजूद राजनीतिक दबाव के चलते पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई हुई। यह घटना बताती है कि भाजपा नेताओं में कानून का भय समाप्त हो चुका है और वे स्वयं को कानून से ऊपर समझने लगे हैं।

## ब्रिक्स कृषि सम्मेलन की तैयारियों को दिया अंतिम रूप

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • इंदौर में 9 से 13 जून तक आयोजित होने वाले ब्रिक्स देशों के महत्वपूर्ण कृषि सम्मेलन की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए कलेक्टर शिवम वर्मा ने शनिवार को रेसीडेंसी में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की। बैठक में सम्मेलन से जुड़ी व्यवस्थाओं, सुरक्षा, आवागमन, आवास, स्वच्छता, यातायात प्रबंधन तथा अतिथियों के स्वागत-सत्कार सहित अन्य सभी आवश्यक तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में कुमार पुरुषोत्तम, क्षितिज सिंघल, डॉ. परीक्षित झाड़े, रोहित सिसोनिया सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सम्मेलन में शामिल होने वाले राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों को सर्वोत्तम सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन इंदौर तथा मध्यप्रदेश के लिए गौरव का विषय है।

## विद्युत कर्मियों का एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • म.प्र.वि.मं.तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव रामकेवल यादव ने बताया कि प्रांतीय अध्यक्ष शंभूनाथ सिंह के नेतृत्व मे 5 जून को पोलोग्राउण्ड़ ऊर्जा परिसर मे गेट नं: 2 पर तकनीकी संविदा कर्मचारी विनियमित आउटसोर्स कर्मचारी नियमित कर्मचारियो की गंभीर समस्याओं को लेकर कंपनी प्रशासन की हठधर्मिता के कारण एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन किया



गया कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष प्रदीप द्विवेदी ने कहा कि संविदा कर्मचारियों की संविदा नीति 2023 को लेकर लगातार कंपनी प्रशासन को असमान वेतन एनपीएस एंव उपादान भुगतान सहीत तकनीकी कर्मचारियों के समस्त ज्वंलत मुद्दो को लेकर पत्राचार एंव बैठके की परंतु आज तक संबंधित तकनीकी कर्मचारियों की वेतन विसंगति सहीत अन्य समस्याएं दूर नही की गई जो तकनीकी कर्मचारियों की चिंता एंव आकोश को बढ़ा रही है।



## समाज जन का जत्था रवाना हुआ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • इंदौर नगर के समस्त जिनालयों से सुबह 6:00 बजे से दिगंबर जैन समाज समाजिक सांसद के सर्व प्रिय अध्यक्ष आनंद नवीन गोधा, हर्ष जैन,विजय पाटोदी एवं मिडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू के नेतृत्व में हजारों की संख्या में समाज जन श्रीफल समर्पण यात्रा में जगत पुज्य जिन शासन के शेर परम वंदनिय निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी इस वर्ष का इंदौर नगर में हो कि भावना समर्पित करने गुना के लिए 108 बसों के माध्यम से जैन धर्म की ध्वजा फहराते हुए निकले।



## स्वस्थ महिला से ही समृद्ध होता है परिवार - महावर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • श्री जगन्नाथ स्वामी भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी संघ ट्रस्ट द्वारा अखिल भारतीय कोली समाज एवं श्री महावर कोली समाज वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से महावर नगर, अन्नपूर्णा रोड़ पर एक विशेष सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के गरीब परिवारों की 1100 महिलाओं को उनके स्वास्थ्य व स्वच्छता से संबंधित आवश्यक सामग्री (हैंडवॉश, ग्लूकोज, डाबर रेड दंत मंजन एवं डाबर कोकोनट ऑयल) की किट वितरित की गई। यह आयोजन अखिल भारतीय कोली समाज के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष प्रकाश महावर कोली के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री जगन्नाथ स्वामी भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी संघ ट्रस्ट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री नरेन्द्र देव नरेला ने की।

## श्रीगोवर्धननाथजी मंदिर में भागवत कथा का आयोजन



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • यशवंत गंज स्थित ऐतिहासिक श्री गोवर्धननाथजी मंदिर में इन दिनों श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह महोत्सव पूरी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में पूज्यपाद गोस्वामिनी श्री रुक्मणि बहूजी महाराजश्री की आज्ञा से पुष्टि मार्ग के विख्यात प्रवक्ता पंडित सतीश शास्त्री (ग्वालियर) अपनी सुमधुर वाणी से श्रद्धालुओं को कथा का रसपान करा रहे हैं।

# देपालपुर में लोन दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी

### एसबीआई बैंक का फर्जी अधिकारी बन आया लोन देने

**निलेश चौहान : 94250-77209**

**देपालपुर • दैनिक इंदौर संकेत**

ग्रामीण क्षेत्र में लोन दिलाने के नाम पर एक बड़ा मामला सामने आया है लोन दिलाने के नाम पर ग्राहकों से हजारों रुपए एडवांस ले लिए जानकारी में पता चला किसी को खेती पर किसी को डेरी फार्म पर या फिर व्यापार के लिए लोन देने का वादा कर 10 से 15 ग्राहकों से एडवांस में रुपए लेकर गायब हुआ इंदौर का जितेंद्र जैन एडवांस रुपए के बदले वह ग्राहकों को ब्लैंक चेक और स्टांप देकर गया। लेकिन आज तक किसी को लोन नहीं दिया गया इतना ही नहीं जितेंद्र जैन एसबीआई बैंक का फर्जी अधिकारी बन लोन देने इंदौर से देपालपुर आया था जैन ने विजिटिंग कार्ड भी ग्राहकों को दिया है इसमें लिखा है जितेंद्र जैन एचअलसी क्षेत्रीय व्यावसायिक कार्यालय यशवंत निवास रोड इंदौर का एड्रेस डला हुआ है।

ग्राहकों ने जितेंद्र जैन पर इसलिए भरोसा कर लिया क्योंकि उसके पास भारतीय स्टेट बैंक का



एसबीआई बैंक का फर्जी लोन अधिकारी जितेंद्र जैन




ग्राहकों को चेक दिए हुए बाउंस

विजिटिंग कार्ड था दूसरी सबसे बड़ी बात एडवांस पैसे के तौर पर जैन ने सिक्योरिटी के तौर पर ब्लैक चेंज और स्टांप ग्राहकों को दिए हैं ग्राहकों ने जैन को लोन के लिए फोन लगाया तो ग्राहको के मोबाइल नंबर जैन ने ब्लैक लिस्ट में डाल दिए इतना ही नहीं जैन अपना आधार कार्ड और पैन कार्ड भी ग्राहकों को देकर गया है।

देपालपुर क्षेत्र के 10 से 15 किसान ऐसे हैं जो जितेंद् जैन के झांसे आ गए किसी ने फसल बेचकर लोन के लिए पैसा दिया तो किसी ने रकम रखकर लेकिन जैन ने किसी को लोन नहीं दिलाया उल्टा एडवांस में दिए रुपए देने में आनाकानी कर रहा है फोन लगाओ तो फोन बंद रहता है फोन अगर लग भी जाए तो मुंबई और दिल्ली होने की बात करता है जितेंद्र के खिलाफ कुछ ग्राहकों ने चेक बाउंस करवा कर कोर्ट में कैस भी लगा रखा है जितेंद्र की गिरफ्तारी के लिए नोटिस भी जारी हुए लेकिन अबतक पुलिस अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई।

पीड़ित बहादुर ने बताया कि जितेंद्र जैन ने देपालपुर, गंगाजलखेडी, बनेडिया के किसानों के साथ धोखाधड़ी कि मेरे साथ कही पीड़ित लोग हैं लाखन सिंह, अंकित पटेल, सलीम अकरम भूरा, संजय इन सब लोगों ने जैन को लोन के लिए एडवांस में पैसा दे रखे है जिसके चेक हमारे पास मौजूद हैं एसबीआई अधिकारी समझकर हमने उस पर भरोसा कर लिया लेकिन बाद में पता चला कि वह फर्जी अधिकारी था इसके खिलाफ इंदौर में धोखाधड़ी का केस चल रहा है यह अपने मोबाइल नंबर भी बदलता रहता है। इसके पास पांच मोबाइल नंबर है इसने इंदौर में भी कई लोगों को ठगा है इसके घर जाते हैं तो यह मिलता नहीं इसका साथ इसकी पत्नी भी दे रही इसने कहीं ग्राहकों को उसकी पत्नी का नंबर दे रखा है लेकिन वह भी फोन लगाओ तो नंबर को ब्लैक लिस्ट में डाल देती है।

एसबीआई बैंक के नाम का दुरुपयोग कर रहा जितेंद्र जैन बैंक को भी लेना चाहिए संज्ञान साथी फर्जी अधिकारी पर होना चाहिए केस दर्ज मूल रूप से जितेंद्र इंदौर का रहने वाला है पिता कैलाश जैन निवासी 74 बि सेक्टर साईं नाथ कॉलोनी इंदौर आ रहा कुछ ग्राहक जैन के घर भी गए थे लेकिन वह सीसीटीवी में देख लेता है की बहार कर्जदार आए हैं घर में नहीं होने का नाटक करता है लेकिन जिन लोगों के साथ धोखाधड़ी की है वह इस मामले की शिकायत मंगलवार को ग्रामीण एसपी के समक्ष करेंगे साथ ही उनके साथ की गई धोखाधड़ी को लेकर केस दर्ज कराएंगे।

आम जनता के साथ हो रही धोखाधड़ी को लेकर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं यह धोखाधड़ी नगर में चर्चा का विषय बन गई आम जनता अपनी जरूरत के हिसाब से लोन लेती है लेकिन कुछ फर्जी अधिकारी उनकी उम्मीद पर पानी फेर देते हैं ग्राहक क्या बैंक के कर्मचारियों पर भी भरोसा नहीं करें क्या आम नागरिक करें तो क्या करें अब देखना होगा शिकायत के बाद जिम्मेदार अधिकारी जितेंद्र जैन पर क्या कार्रवाई करते हैं।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत
इंदौर, सोमवार 08 जून 2026

# पंचायतों की भूमिका खत्म, कलेक्टर-एसडीएम होंगे प्रमुख

◆ कॉलोनी के लिए अफसर परमिशन दें या न दें 75 दिन बाद खुद ही मिल जाएगी मंजूरी

**भोपाल (एजेंसी)** ● प्रदेश सरकार कॉलोनी विकास की व्यवस्था में बड़ा बदलाव करने जा रही है। अब शहर और ग्राम पंचायत क्षेत्रों में कॉलोनियों के लिए अलग-अलग नियम नहीं होंगे। पंचायतों की भूमिका समाप्त हो जाएगी। नए मसौदे के अनुसार- ग्रामीण क्षेत्रों में कलेक्टर और नगरीय क्षेत्रों में एसडीएम कॉलोनी विकास के प्रमुख होंगे। कॉलोनी के लिए यदि अधिकारी 60 दिन में आवेदन पर निर्णय नहीं लेते और नोटिस के 15 दिन बाद भी कोई फैसला नहीं होता, तो अनुमति स्वतः (डीम्ड अप्रूवल) स्वीकृत मानी जाएगी।




### कॉलोनाइजरों की ऑनलाइन मॉनीटरिं

प्रत्येक कॉलोनाइजर का डिजिटल प्रोफाइल तैयार होगा। अनुमति, विकास कार्यों की स्थिति और संपत्तियों की जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी।

### खरीदार कॉलोनी की ऑनलाइन जांच सकेंगे

सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट, जलापूर्ति, सीवर जैसे कार्य पूरे नहीं होने पर प्रशासन बंधक संपत्तियों से शेष कार्य पूरा करा सकेगा। ईडब्ल्यूएस-एलआईजी वर्गों के लिए कॉलोनी में 15% क्षेत्र आरक्षित रहेगा।

## पुरुषोत्तम मास में गौ माता को समर्पित रहा 'गौ अन्नकूट महोत्सव'



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● श्री मध्य क्षेत्र माहेश्वरी सखी संगठन द्वारा पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर 'गौ अन्नकूट महोत्सव' का भव्य आयोजन श्री लक्ष्मी व्यंकटेश देवस्थान, छत्रीबाग में भक्ति एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। स्वामी *श्रीविष्णुप्रपन्नाचार्य जी महाराज के मंगल सानिध्य में आयोजित इस महोत्सव में गौ माता को 56 भोग अर्पित कर विशेष पूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य यजमान रमेश-श्रीमती शकुंतला चितलांग्या ने विधि-विधान से पूजन कर गौ माता को भोग लगाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश टुडे समूह के हृदयेश दीक्षित, वरिष्ठ समाजसेवी राजेश होलानी, माहेश्वरी समाज मध्यक्षेत्र के अध्यक्ष शैलेंद्र भैया, युवा संगठन के अध्यक्ष परीक्षित जाजू एवं आदर्श चितलांग्या विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## गौ आहार में मिलावट की जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग, वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन ने उठाई चिंता

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने पशु आहार में कथित मिलावट को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से इसकी व्यापक जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि पशु आहार में निर्धारित मानकों के विपरीत रासायनिक तत्वों या यूरिया जैसी सामग्री का उपयोग किया जा रहा है तो इससे गौवंश के स्वास्थ्य के साथ-साथ दुग्ध गुणवत्ता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

संजय अग्रवाल ने जारी बयान में कहा कि विभिन्न रिपोर्टों में कुछ पशु आहार उत्पादों में मानकों के उल्लंघन संबंधी बातें सामने आई हैं, जिनकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गौवंश भारतीय संस्कृति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है, इसलिए पशुओं को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित आहार उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

उन्होंने आशंका जताई कि निम्न गुणवत्ता वाले पशु आहार के उपयोग से पशुओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, जिससे दूध उत्पादन और उसकी गुणवत्ता भी प्रभावित हो सकती है। उन्होंने कहा कि इस विषय पर वैज्ञानिक अध्ययन और सरकारी जांच के आधार पर उचित कार्रवाई की जानी चाहिए।

वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन ने केंद्र एवं राज्य सरकारों से मांग की है कि पशु आहार बनाने वाली कंपनियों के उत्पादों की नियमित लैब जांच कराई जाए तथा मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित संस्थाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। संगठन ने प्राकृतिक एवं पारंपरिक पशु चारे को बढ़ावा देने, किसानों को प्रशिक्षण एवं प्रोत्साहन देने तथा दूध की गुणवत्ता जांच की व्यवस्था मजबूत करने की भी मांग की है।

संगठन ने प्रत्येक जिले में दूध परीक्षण सुविधाओं के विस्तार, गौशालाओं को सशक्त बनाने और पशुपालकों के बीच जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता पर बल दिया। संजय अग्रवाल ने कहा कि गौ संरक्षण और जनस्वास्थ्य दोनों की दृष्टि से इस विषय को गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

# अंगद की तरह जमे 99 पुलिसकर्मियों पर चला तबादले का चाबुक

- आदेश मानेंगे या फिर शुरू होगी 'सेटिंग' का खेल
- बेटमा थाने से 9 पुलिसकर्मी के हुए ट्रांसफर




**दैनिक इंदौर संकेत**

**देपालपुर** ● इंदौर ग्रामीण पुलिस में लंबे समय से एक ही थाने और शाखाओं में जमे पुलिसकर्मियों पर आखिरकार प्रशासनिक कार्रवाई की गई है। विभाग ने 99 पुलिस कर्मचारियों का तबादला कर उन्हें विभिन्न थानों और इकाइयों में भेज दिया है। इस बड़े फेरबदल में बेटमा, खुड़ैल, किशनगंज, मानपुर, चंद्रावतीगंज, महू, सांवेर, क्षिप्रा, सिमरोल, बड़गोदा, देपालपुर और गौतमपुरा थाने प्रमुख रूप से शामिल हैं।

पुलिस महकमे में चर्चा है कि सूची में शामिल कई कर्मचारी वर्षों से एक ही थाने में पदस्थ थे। कुछ ऐसे भी थे जिनका उस थाने से इतना गहरा लगाव था कि तबादला होने के बाद भी कुछ समय पश्चात फिर उसी थाने में वापसी कराने में सफल हो जाते थे। स्थानीय स्तर पर मजबूत पकड़ और प्रभाव के चलते कई कर्मचारियों को थानों का 'स्थायी चेहरा' तक माना जाने लगा था।

ग्रामीण पुलिस में लंबे समय से एक ही स्थान पर जमे कर्मचारियों को हटाने की मांग समय-समय पर उठती रही है। माना जाता है कि लंबे समय तक एक ही क्षेत्र में रहने से स्थानीय प्रभाव बढ़ जाता है, जिससे निष्पक्षता और पारदर्शिता पर सवाल खड़े होने लगते हैं। इसी को देखते हुए विभाग ने एक साथ 99 कर्मचारियों को इधर से उधर कर बड़ा संदेश देने का प्रयास किया है।

**सबसे ज्यादा चर्चा बेटमा थाने की** -

इस तबादला सूची में सबसे ज्यादा चर्चा बेटमा थाने को लेकर हो रही है। यहां से वर्षों से पदस्थ कई पुलिसकर्मियों को अन्य थानों में भेजा गया है। सूची के अनुसार उपनिरीक्षक संदीप पोरवाल को मानपुर, कार्यवाहक सहायक उपनिरीक्षक कैलाश परमार, मोहन परमार और मोहन सिंह को किशनगंज, कार्यवाहक सहायक उपनिरीक्षक दिनेश परमार को देपालपुर तथा कार्यवाहक प्रधान आरक्षक राजेश पटेल को किशनगंज भेजा गया है। इसके अलावा आरक्षक तुलसीराम, उमेश परमार और नरेंद्र शर्मा को खुड़ैल थाने में पदस्थ किया गया है। इस प्रकार बेटमा से कुल 9 पुलिसकर्मी अन्य थानों में स्थानांतरित किए गए हैं।

वहीं बेटमा थाने में कार्यवाहक सहायक उपनिरीक्षक मुनेशसिंह यादव, कार्यवाहक सहायक उपनिरीक्षक कृष्ण जादौन, प्रधान आरक्षक शरद कुमार कोगरे, आरक्षक गगनजीत सिंह, आरक्षक मुकेश मंडलोई और आरक्षक शोभाराम की नई पदस्थापना की गई है। नए स्टाफ के आने से थाना परिसर में नई कार्यशैली और नई जिम्मेदारियों का दौर शुरू होगा।

**अब असली परीक्षा तबादला आदेश के बाद** - तबादला सूची जारी होने के बाद अब पुलिस महकमे से लेकर आम लोगों के बीच एक ही सवाल चर्चा का विषय बना हुआ है— क्या सभी कर्मचारी नए पदस्थापना स्थल पर जाकर कार्यभार ग्रहण करेंगे या फिर अपने पुराने थानों में बने रहने के लिए 'सेटिंग' और 'जुगाड़' का सहारा लेंगे?

## आम बंगले में विराजे बाल हनुमान, खाटू श्याम बाबा और मां तुलजा भवानी, हुई महाराती, लगा छप्पन भोग



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● नंदानगर स्थित बाल हनुमान मंदिर पर स्थापना दिवस उत्सव के तहत विभिन्न आयोजन आयोजित किए जिसमे बाल हनुमान खाटू श्याम बाबा, तुलजा भवानी को आम बंगले में सजाया, महाआरती हुई, 7हजार से ज्यादा भक्तों ने महाप्रसादी ग्रहण की। समिति के संरक्षक सुरेश गागरे, मंडल अध्यक्ष सुभाष मापरे एवं बाल हनुमान मंदिर समिति के अध्यक्ष उदित शर्मा, उपाध्यक्ष कान्हा ठाकुर, ने बताया कि स्थापना दिवस उत्सव को धूम धाम से मनाया जिसमे सुंदर कांड,जागरण,भजन संध्या में राखी जलोरिया ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी। आम बंगले में बाल हनुमान,खाटू श्याम,तुलजा भवानी विराजी, छप्पन भोग लगा। कई किस्मों के आमो से आम बंगला सजा। महाआरती हुई।

## भारत भूमि की विलक्षण धरोहर है राम कथा - पं. राहुल कृष्ण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● रामकथा संस्कारों का सृजन कर हमारे व्यक्तित्व को आदर्श बनाकर ऊंचाई की ओर ले जाती है। रामकथा श्रवण के लिए मनोरंजन की आशा लेकर नहीं आना चाहिए। राम त्रिकाल सत्ता है। उनकी लीलाएं भी सर्वकालिक है। हनुमानजी सहित राम कथा के रघुकूल से जुड़े पात्रों के व्यक्तित्व के गुणों को शब्दों में समेट पाना असंभव है। रामकथा केवल शरीर से नहीं, मन, बुद्धि और चित्त से श्रवण करना चाहिए। रामकथा में जीवन की प्रत्येक चिंता, समस्या और संकट का समाधान मौजूद है। रामकथा भारतभूमि की विलक्षण धरोहर है जिसमें आसुरी संस्कृति के समूल विनाश और प्राणी मात्र के संपूर्ण मंगल के मंत्र भरे पड़े हैं। युगों-युगों से राम कथा की मन्दाकिनी हम सबका कल्याण और उद्धार करते आ रही है और आती रहेगी। ये दिव्य और प्रेरक विचार हैं आचार्य पं. राहुल कृष्ण शास्त्री के, जो उन्होंने रविवार को विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास के मातृशक्ति प्रकोष्ठ की मेजबानी में चल रही श्रीराम कथा में राम राज्याभिषेक सहित विभिन्न प्रसंगों की व्याख्या के दौरान व्यक्त किए।



## भोपाल की ताल के चौपाल से



# सिस्टम, साहब और सितार... इस हफ्ते सब गड़बड़ाए

**बोल हरि बोल**



**हरीश दिवेकर**

इस हफ्ते मध्यप्रदेश के सिस्टम, पांच सितारा होटल में खाकी की रंगदारी, अनइमोशनल आईएएस और ठगे गए युवा आईपीएस अफसरों की अनसुनी कहानियां उजागर हुई हैं। भाई साहब! इस हफ्ते तो कमाल हो गया। जिसे सिस्टम ने बड़ी उम्मीदों से कुर्सी पर बिठाया, वो सिस्टम को ही चूना लगा गया। जो खाकी कानून की रखवाली करती है, वो पांच सितारे में मुफ्त की रात गुजारने लगी। और जिन आईएएस साहबान को जनता की तकलीफ समझनी चाहिए, वो अपनों की तकलीफ भी नहीं समझ पाए। तो चलिए इस हफ्ते के असली किरदारों से मिलते हैं- जहां गुज्जू भाई इटली में हैं। कप्तान साहब होटल में और युवा आईपीएस... ठगे हुए से खड़े हैं। आज के बोल हरि बोल में वरिष्ठ पत्रकार हरीश दिवेकर बता रहे हैं सरकार और सियासत के गलियारों की अनसुनी बातें...

### गुज्जू भाई ने सिस्टम को पहनाई टोपी

आपको सुनकर आश्चर्य होगा कि सिस्टम को भी कोई टोपी पहना सकता है। जी हां... ये सच है। दरअसल बांध और कैनाल वाले सिस्टम से नौशाद को आउट करने के बाद गुज्जू भाई को एंट्री दी गई थी। गुज्जू भाई ने साउथ और गुजरात के बड़े-बड़े कॉन्ट्रैक्टरों से मेल-मुलाकात कर तीन फिगर का नंबर ले लिया। बताते हैं कि ये नंबर सिस्टम में आता उसके पहले ही गुज्जू भैय्या गायब हो गए। अब उन्हें पूरा सिस्टम और खुफिया महकमा ढूंढ रहा है, लेकिन गुज्जू भैय्या का अता-पता नहीं है। उड़ते-उड़ते सोर्स बता रहे हैं कि गुज्जू भैय्या इटली निकल लिए हैं। इस घटना के बाद सबसे ज्यादा खुशी नौशाद और उनके संरक्षक मंत्रीजी को हो रही है। वे सिस्टम को अहसास दिला रहे हैं कि जब तक नौशाद था, तब तक तो सब कुछ ईमानदारी से चल रहा था। गुज्जू भैय्या ने सिस्टम को टोपी पहनाई है... ये बात भी नौशाद की टीम बाजार में आगे होकर बता रही है।

### खाकी की दादागीरी...

टाइगर रिजर्व वाले जिले में खाकी वालों की दादागीरी चर्चा में है। अब तक खाकी छोटे होटल और रिजॉर्ट वालों पर ही रंगदारी कर रहे थे, लेकिन अब कप्तान भी मैदान में आ गए हैं। उन्होंने सीधे पांच सितारा होटल पर ही हाथ डाल दिया है। बताया जा रहा है कि कप्तान साहब के चाहने और चाहने वाली जब भी टाइगर रिजर्व की तफरी करने आते हैं तो उनके लिए पांच सितारा होटल के कमरों में रुकने की मुफ्त व्यवस्था की जाती है। शुरुआत में तीन-चार महीने में कमरा बुक होता था, लेकिन अब महीने में दो बार कमरा बुक होने से पांच सितारा होटल के मैनेजर की इंटरनल जांच बैठ गई है। मैनेजर ने कप्तान की रंगदारी का बयान अपने मैनेजमेंट को दिया है। बताया जा रहा है कि पांच सितारा के प्रबंधन के बड़े साहब लोग इस मामले को डीजीपी तक ले जाने की तैयारी कर रहे हैं।

### अनइमोशनल साहब-मैडम

माता-पिता के निधन के बाद बेटा हो या बेटी गहरा सदमा तो लगता ही है। लेकिन एमपी में आईएएस अफसरों के दो मामले ऐसे सामने आए हैं, जिसने सोचने पर मजबूर कर दिया कि क्या ट्रेनिंग में ही अनइमोशनल होना बताया जाता है... दरअसल कुछ समय मंत्रालय में पदस्थ सीनियर आईएएस अफसर की मां का निधन हुआ। इन साहब ने मां की अंत्येष्टि के दूसरे दिन ही नौकरी ज्वाइन कर ली, जबकि हिन्दू रीति-रिवाज में तो तीन दिन शुद्धि के होते हैं। इन दिनों में नौकरी पर आना तो दूर घर से भी नहीं निकलते। दूसरा मामला भी मंत्रालय में पदस्थ एक महिला आईएएस का है। इनके पिता का निधन हो गया। खबर मिलते ही मैडम ने घर के लिए रवानगी डाल दी, लेकिन ये क्या 13वीं से पहले ही मैडम जी जर्मनी टूर पर निकल गईं। बताया जा रहा है कि मैडम का टूर पहले से फिक्स था, बीच में पिता का निधन हो गया तो क्रियाकर्म का कार्यक्रम पूरा होते ही मैडम निकल लीं अब 13वीं का क्या है परिवार के सदस्य कर ही लेंगे।

### युवा आईपीएस अफसरों में नाराजगी

प्रदेश के युवा आईपीएस अफसरों में भारी गुस्सा देखा जा रहा है। ये लोग खुलकर अपने व्हाट्सएप ग्रुप पर आईपीएस एसोसिएशन और पीएचक्यू में बैठे सीनियर अफसरों की भूमिका पर सवाल उठा रहे हैं। दरअसल कुछ दिन पहले भोपाल में एक बड़े अखबार समूह के मालिक पर एफआईआर करने के मामले में प्रशिक्षु आईपीएस पर गाज गिरी थी। रात डेढ़ बजे होम डिपार्टमेंट ने आदेश जारी कर उन्हें लूप लाइन में भेजा गया। मामले की परतें खुलीं तो पता चला कि प्रशिक्षु आईपीएस ने एफआईआर से पहले वरिष्ठों से सहमति ली थी। मामले में दबाव बनने पर बेचारे को निपटा दिया गया। शुरू के दो दिन तक तो सीनियर आईपीएस इस मामले में सहानुभूति दिखाते हुए मुख्यमंत्री से एसोसिएशन की मुलाकात की बात करते रहे, लेकिन बाद में मामला ठंडा हो गया। इसी बात को लेकर युवा आईपीएस अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

## आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ



डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश निःशुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

**कार्यालय का पता**

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
**संपर्क: 94250-64357, 94245-83000**

## सम्पादकीय

### सरकार आर्थिक वृद्धि और महंगाई के बीच संतुलन कायम करने वाले कदम उठाए

आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार महंगाई पर नियंत्रण की तुलना में आर्थिक वृद्धि के प्रयासों पर ज्यादा जोर दे रही है। इससे भले ही अर्थव्यवस्था के आंकड़ों में सुधार नजर आ सकता है, लेकिन महंगाई के बढ़ते बोझ से आम लोगों के लिए जीवन-यापन करना कठिन हो जाएगा। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से पैदा हुए संकट का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। इसका सबसे ज्यादा असर ऊर्जा और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति पर पड़ रहा है, जिससे इनकी कीमतों में इजाफा होना स्वाभाविक है। महंगाई अब आम आदमी की जेब पर भारी पड़ने लगी है और निश्चित तौर पर इसका प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा। यही वजह है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने शुक्रवार को आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.9 फीसद से घटाकर 6.6 फीसद, जबकि खुदरा महंगाई दर के अनुमान को 4.6 फीसद से बढ़ाकर 5.1 फीसद कर दिया है। हालांकि, सरकार का लक्ष्य महंगाई दर को चार फीसद के दायरे में सीमित रखने का है, लेकिन सवाल है कि वर्तमान में जो परिस्थितियां बनी हैं, उस लिहाज से क्या इस लक्ष्य को हासिल किया जा सकेगा, या फिर यह आंकड़ा महज सरकारी कागजों में दिखाने के लिए ही रह जाएगा। यह आशंका इसलिए व्यक्त की जा रही है, क्योंकि सरकार की ओर से मौजूदा संकट से निपटने के लिए कोई ठोस एवं विस्तृत रूपरेखा अभी तक सामने नहीं आई है। आरबीआइ ने प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 5.25 फीसद पर बरकरार रखा है और इसे आम लोगों के लिए राहत के रूप में पेश किया जा रहा है। मगर इसका दूसरा पहलू यह है कि पहले से ही महंगाई से जूझ रहे समाज के एक वर्ग को उम्मीद थी कि रेपो दर में कुछ कमी की जाएगी, जिससे उन्हें अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए बैंक से कर्ज लेने और मासिक किस्त चुकता करने में आसानी होगी। गौरतलब है कि रेपो दर में कमी और वृद्धि से ब्याज दरें भी घटती एवं बढ़ती हैं, जिसका सीधा असर बैंकों से कर्ज लेने वालों की मासिक भुगतान किस्त पर पड़ता है। यह बात स्पष्ट है कि बढ़ते वैश्विक तनाव, वस्तुओं की ऊंची कीमतें और आपूर्ति में समस्या देश के आर्थिक परिदृश्य के लिए जोखिम पैदा कर रहे हैं। कच्चे तेल के दामों में आए उछाल और विदेशी संस्थागत निवेशकों की रिकार्ड पूंजी निकासी के कारण रुपया इस वर्ष डालर के मुकाबले छह फीसद से अधिक टूटा है। इसके साथ ही विदेशी मुद्रा भंडार पर भी दबाव बढ़ रहा है। ऐसे में अगर समग्र रूप से कारगर कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले दिनों में स्थिति और ज्यादा बिगड़ने से इनकार नहीं किया जा सकता।

# जनादेश से जनविश्वास तक : लोकतंत्र की असाधारण यात्रा

इतिहास तिथियों से नहीं बनता, इतिहास संकल्पों से बनता है! इतिहास उन व्यक्तित्वों से भी बनता है, जो अपने समय की सीमाओं को लांघकर युग की दिशा निर्धारित करते हैं। 09 जून, 2026 ऐसी ही एक ऐतिहासिक तिथि है। भारतीय लोकतंत्र की दीर्घ यात्रा में यह वह क्षण है, जब यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी देश के सर्वाधिक समय तक लगातार जनादेश प्राप्त कर जनसेवा करने वाले प्रधानमंत्री के रूप में, एक नया अध्याय अंकित करेंगे। यह उपलब्धि सत्ता की निरंतरता का अभिलेख नहीं है। यह राष्ट्र के विश्वास का हस्ताक्षर है!

लोकतंत्र में जनादेश सबसे बड़ा प्रमाणपत्र होता है। वह किसी पद से नहीं मिलता। वह जनता के हृदय से निकलता है। वर्ष 2014 में भारत ने परिवर्तन का संकल्प लिया। वर्ष 2019 में उस संकल्प को सामर्थ्य मिला। वर्ष 2024 में राष्ट्र ने उस विश्वास को और अधिक व्यापक स्वरूप प्रदान किया। इन बारह वर्षों ने भारत की राजनीतिक संस्कृति, प्रशासनिक कार्यशैली और राष्ट्रीय आत्मविश्वास को नई ऊंचाइयां दी हैं। एक समय था जब भारत अपनी संभावनाओं के आधार पर पहचाना जाता था। आज भारत अपनी उपलब्धियों के आधार पर सम्मान प्राप्त कर रहा है। एक समय था जब भारत वैश्विक मंचों पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाता था। आज भारत अनेक वैश्विक विमर्शों की दिशा निर्धारित कर रहा है। एक समय था जब भारत भविष्य की प्रतीक्षा करता था। आज भारत भविष्य का निर्माण कर रहा है।

जन प्रिय प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बीता दशक भारतीय पुनर्जागरण का दशक बनकर उभरा है। यह वही कालखंड है, जिसमें देश ने आत्मनिर्भरता को राष्ट्रीय संकल्प बनाया, करोड़ों नागरिकों तक विकास की मुख्यधारा को पहुंचाने का प्रयास किया और भारत ने अपनी सांस्कृतिक चेतना को आधुनिक प्रगति के साथ समन्वित करते हुए एक नए राष्ट्रीय आत्मविश्वास का निर्माण किया।

काशी के घाटों से लेकर केदारनाथ की दिव्यता तक, अयोध्या की भव्यता से लेकर कर्तव्य पथ की गरिमा तक, चंद्रयान की सफलता से लेकर जी-20 के वैश्विक नेतृत्व तक, संपूण भारत ने स्वयं को नए



आत्मविश्वास के साथ देखा है। यह आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता किसी क्षणिक उपलब्धि का परिणाम नहीं, वरन एक दीर्घ राष्ट्रीय साधना का प्रतिफल है।

स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव ने राष्ट्र को अपनी गौरवगाथा का पुनः स्मरण करवाया। उसी अमृत चेतना से विकसित भारत 2047 का महाअभियान जन्मा। यह अभियान किसी सरकार का कार्यक्रम नहीं है। यह नए भारत का राष्ट्रीय संकल्प है। जब राष्ट्र अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर होगा, तब भारत को विकसित, समृद्ध, आत्मनिर्भर और विश्व के मार्गदर्शक राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का संकल्प आज करोड़ों भारतीयों के मन में स्पंदित हो रहा है!

विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता आदरणीय नरेंद्र मोदी जी ने राजनीति को चुनावों की परिधि से निकालकर राष्ट्र-निर्माण के व्यापक आयामों से भी जोड़ा है। उनके अनुकरणीय नेतृत्व में शासन व्यवस्था ने जनभागीदारी को नई शक्ति दी, विकास ने अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास किया और राष्ट्रहित ने नीति-निर्माण के केंद्रीय तत्व के रूप में अपनी प्रतिष्ठा स्थापित की। विश्व के अनेक लोकतंत्रों में नेतृत्व बदलता है। कुछ नेता परिस्थितियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जबकि कुछ नेता अपने समय की आकांक्षाओं का। व्यक्ति से व्यक्तित्व बने आदरणीय नरेंद्र मोदी जी उस राष्ट्रीय आकांक्षा के प्रतिनिधि बनकर उभरे हैं, जिसने एक सशक्त, आत्मविश्वासी और गौरवशाली भारत का स्वप्न देखा है तथा उसे साकार करने के लिए सामूहिक राष्ट्रीय ऊर्जा को एक दिशा प्रदान की है।

09 जून 2026 का यह अवसर किसी व्यक्ति की विजय का उत्साह नहीं है। यह भारत की लोकतांत्रिक चेतना का उत्सव है। यह उस जनविश्वास का अभिनंदन है, जिसने निरंतरता को स्थिरता और स्थिरता को राष्ट्रीय शक्ति में परिवर्तित किया। यह उस लोकतांत्रिक परिपक्वता का भी प्रतीक है, जिसने भारत को निरंतर प्रगति और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए शिखरों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

भविष्य की पीढ़ियां जब नए भारत का इतिहास पढ़ेंगी, तब वे इस कालखंड को अनेक उपलब्धियों के साथ स्मरण करेंगी। वे इसे भारत के आत्मविश्वास का काल कहेंगी। वे इसे भारत के उत्कर्ष का उत्तर कहेंगी। वे इसे विकसित भारत की आधारशिला रखने वाला स्वर्णिम आधार स्तंभ कहेंगी और तब इतिहास के पृष्ठों पर यह भी अंकित होगा कि इस युग में भारत ने स्वयं को पहचाना, अपनी शक्ति को सिद्ध किया और अपने वैश्विक दायित्व को भी नए दायरे में दाखिल किया!

यही इस युग की सबसे बड़ी उपलब्धि है। यही जनादेश का वास्तविक अर्थ है। यही अमृतकाल की राष्ट्रीय चेतना है। यही हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी का नया भारत है!



**दीपक जैन 'टीनू'**
(लेखक भाजपा कार्यकर्ता हैं!)

### स्वच्छ हवा का मोल: बजट ने तय कर दिया कि यह अब विलासिता है

**हवा** में घुलता ज़हर जब रोज़मर्रा की सच्चाई बन जाए, तब नीतियों की प्राथमिकताएँ सवालों के घेरे में आ जाती हैं। वित्त वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट में प्रदूषण नियंत्रण योजना के लिए केवल 1091 करोड़ रुपये रखे गए हैं, जबकि पिछले वर्ष यह राशि 1300 करोड़ रुपये थी—यानी 209 करोड़ रुपये की कमी। यह कटौती ऐसे समय हुई है जब दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर भारत में वायु प्रदूषण जानलेवा स्तर पर है। सांस संबंधी बीमारियों के मरीज अस्पतालों में लगातार बढ़ रहे हैं और इलाज का खर्च भी तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में यह कमी स्वास्थ्य सुरक्षा पर सीधा दबाव बढ़ाती है। विकास के नाम पर क्या हम अपनी ही सांसों की कीमत चुका रहे हैं—यह प्रश्न अब अनदेखा नहीं किया जा सकता। साफ हवा अब अधिकार नहीं, चुनौती बनती जा रही है, और इसका बोझ सीधे स्वास्थ्य व्यवस्था पर दिख रहा है। भारत में बाहरी और घरेलू वायु प्रदूषण मिलाकर हर वर्ष लगभग 15-20 लाख असमय मौतों से जुड़ा माना जाता है। दिल्ली-एनसीआर में पीएम-2.5 का लगातार ऊँचा स्तर जीवन प्रत्याशा को 8.2 वर्ष (2025 एक्यूएलआई रिपोर्ट) तक घटा रहा है। 2022-2024 के बीच दिल्ली के छह प्रमुख अस्पतालों में 2 लाख से अधिक तीव्र श्वसन संक्रमण (एआरआई) के मामले आए, जिनमें 30,424 मरीजों को भर्ती करना पड़ा। आंकड़े साफ संकेत देते हैं कि पीएम-2.5 में हर 10 इकाई वृद्धि पर श्वसन रोगों के अस्पताल मामलों में 7 की बढ़ोतरी होती है। ऐसे समय में जब स्वास्थ्य सुधार की बातें होती हैं, प्रदूषण नियंत्रण फंड में कटौती स्थिति को और कमजोर करती है। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) की धीमी रफ्तार आम लोगों की सेहत पर सीधा असर डाल रही है। यह कटौती केवल बजट का बदलाव नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य पर सीधा असर डालने वाला निर्णय है। जहरीली हवा का प्रभाव बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं—तीनों पर साफ दिख रहा है; बच्चे सांस की तकलीफ झेल रहे हैं, बुजुर्गों में हृदय रोग बढ़ रहे हैं। महिलाएं घरेलू कामों के साथ बाहर की जहरीली हवा सहन कर रही हैं। एक अध्ययन के अनुसार दिल्ली में पीएम-2.5 के हर 10 यूनिट बढ़ने पर हृदय संबंधी अस्पताल भर्ती में लगभग 2% (दिल्ली पायलट अध्ययन) की वृद्धि होती है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और एनसीएपी के संसाधन घटने से निगरानी सख्ती और समाधान तीनों प्रभावित होंगे। पहले ही एनसीएपी/एक्सवी-एफसी फंड्स का उपयोग केवल 74% तक सीमित रहा है। नई कटौती से स्थिति और गंभीर होने की आशंका है। आमजन की सांसें महंगी हो रही हैं, लेकिन सरकार का फोकस अन्य क्षेत्रों पर केंद्रित दिख रहा है। अस्पतालों पर बढ़ता दबाव अब व्यवस्था की वास्तविक स्थिति दिखा रहा है। इस कटौती से पहले से कमजोर स्वास्थ्य ढांचा और प्रभावित हुआ है। सरकारी अस्पतालों में बेड की कमी और डॉक्टरों पर बोझ लगातार बना है। प्रदूषण के कारण क्रॉनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पल्मोनरी डिज़ीज़ (सीओपीडी), अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और हृदय रोग के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और कठिन है, जहां सुविधाएं सीमित हैं। बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र को वृद्धि मिली है, लेकिन प्रदूषण से होने वाली बीमारियों का खर्च उस बढ़ोतरी को निगल जाएगा। डब्ल्यूएचओ और लैंसेट के अनुसार वायु प्रदूषण कैंसर, स्ट्रोक और हृदय रोगों का बड़ा कारण है। यदि फंड कटौती जारी रही, तो स्वास्थ्य बजट का अधिकांश हिस्सा इलाज में ही खर्च होगा, रोकथाम पीछे रह जाएगी। - **प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

## आंचलिक

### भोजशाला के गर्भगृह में मां वाग्देवी की प्रतिमा रखी मिली, एएसआई ने कुछ घंटों में हटवाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार** • ऐतिहासिक भोजशाला के गर्भगृह में मां वाग्देवी की अष्टधातु की प्रतिमा शनिवार को रखी मिली। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधिकारियों ने कुछ ही घंटों में इसे हटा दिया। जानकारी के अनुसार, शनिवार शाम को भोजशाला के गर्भगृह में अचानक यह प्रतिमा दिखाई दी। हालांकि मामला एएसआई के संज्ञान में आने के बाद अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रतिमा को उसके स्थान से हटा दिया। प्रतिमा किसने और कब रखी, इसका खुलासा अभी नहीं हो पाया है। इधर, भोज उत्सव समिति ने इस पूरे घटनाक्रम से अपनी संलिप्तता से इनकार किया है। उल्लेखनीय है कि मां वाग्देवी की मूल प्रतिमा वर्तमान में लंदन के संग्रहालय में है, जिसे भारत वापस लाने की मांग लंबे समय से की जा रही है। मप्र हाईकोर्ट नेभोजशाला को वाग्देवी मंदिर माना है। शुक्रवार को दिए फैसले में हाईकोर्ट ने कहा- हमने पुरातात्विक और ऐतिहासिक तथ्यों, एएसआई की सर्वे रिपोर्ट पर विचार किया है। एएसआई एक्ट के प्रावधानों के साथ-साथ अयोध्या मामले को भी आधार माना।

### कांग्रेस सोशल मीडिया वॉरियर्स प्रतिभा खोज अभियान, भाजपा का प्रोपेगंडा बेनकाब करने 30 जून तक होगा चयन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** • मध्य प्रदेश कांग्रेस के सोशल मीडिया विभाग ने 'सोशल मीडिया वॉरियर्स' प्रतिभा खोज अभियान शुरू किया है। इस अभियान का उद्देश्य भाजपा के प्रोपेगंडा का पर्दाफाश करना है। यह अभियान 15 से 30 जून तक चलेगा। इस अभियान के तहत युवा, लेखक, वीडियो क्रिएटर, सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर, ब्लॉगर और मोटिवेशनल स्पीकर्स सहित रचनात्मक गतिविधियों से जुड़े लोगों को जोड़ा जाएगा। चयन के बाद ये 'सोशल वॉरियर्स' समाज में भाजपा के प्रोपेगंडा को बेनकाब करेंगे। खरगोन में अभियान की जानकारी रविवार दोपहर 1 बजे प्रदेश उपाध्यक्ष और जिला सोशल मीडिया प्रभारी विवेक मोगरे ने पोस्टर लॉन्च करते हुए दी। उन्होंने बताया कि 15 जून से आवेदन मंगाए गए हैं, जिनकी जांच 19 जून तक की जाएगी। जिला कांग्रेस कार्यालय में 20 से 23 जून तक जिला कांग्रेस अध्यक्ष और जिला सोशल मीडिया प्रभारी की उपस्थिति में चयनित आवेदकों के साक्षात्कार होंगे। अंतिम चयन 24 से 28 जून तक किया जाएगा और अंतिम सूची 30 जून को जारी होगी। इस अवसर पर जिला महासचिव जितेंद्र भावसार, प्रदेश सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, अरविंद चौधरी और तन्मय कुशवाहा अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस ने शुरू किया 'पुलिस डिजिटल मित्र' नागरिकों को सीधे जोड़ने की कवायद

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार** • धार पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर, धामनोद थाना पुलिस ने जनता से सीधा संवाद स्थापित करने के लिए एक नई पहल शुरू की है। इसके तहत, 'पुलिस मित्र धामनोद' नामक एक व्हाट्सएप ग्रुप का क्यूआर कोड जारी किया गया है। इस बार कोड के जरिए आम नागरिक सीधे पुलिस से जुड़ सकेंगे और क्षेत्र में होने वाली किसी भी आपराधिक घटना, संदिग्ध गतिविधि या समस्या की जानकारी तुरंत पुलिस तक पहुंचा सकेंगे। इसी पहल के तहत, महेश्वर चौराहे पर धामनोद पुलिस टीम ने नागरिकों को जागरूक किया। लोगों को क्यूआर कोड स्कैन करके 'पुलिस डिजिटल मित्र' ग्रुप से जुड़ने की प्रक्रिया समझाई गई। उप निरीक्षक राहुल चौहान, थाना धामनोद, ने बताया कि इस ग्रुप का मुख्य उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच



की दूरी को कम करना है। अक्सर लोग थाने तक पहुंचने में झिझकते हैं या छोटी सूचनाओं को अनदेखा कर देते हैं। अब व्हाट्सएप के माध्यम से फोटो, वीडियो या संदेश भेजकर तुरंत जानकारी दी जा सकेगी। नागरिक अपने मोबाइल से थाना धामनोद, जिला धार द्वारा जारी क्यूआर कोड को स्कैन करके सीधे 'पुलिस डिजिटल मित्र' ग्रुप से जुड़ सकते हैं।

### मोरटक्का क्षेत्र में तेज आंधी, ब्रिज पर जाम लगा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** • प्री-मानसून एक्टिविटी देखने को मिली हैं। नर्मदा क्षेत्र के मोरटक्का में रविवार दोपहर को तेज हवा और आंधी के साथ बरसात हुई हैं। करीब एक घंटे तक पानी गिरा हैं। हालात ऐसे बने कि इंदौर-खंडवा और ओंकारेश्वर को जोड़ने वाले मोरटक्का ब्रिज पर जाम लग गया। जाम में फंसे वाहनों के बीच एक ऑटो तेज हवा में लहराते हुए पलटी खा गया। मोरटक्का, ओंकारेश्वर और आसपास के इलाकों में हुई तेज बारिश के चलते नुकसानी भी हुई हैं। दोपहर से पूरे क्षेत्र में बिजली सप्लाई बंद हैं। वहीं जगह-जगह पेड़ गिर गए। मोरटक्का, खेड़ीघाट और खंडवा, ओंकारेश्वर रोड़ समेत करीब एक दर्जन स्थानों पर पेड़ गिरे हैं। क्षेत्र में पहली बार इतना भयंकर तूफान देखा गया हैं। हवा की रफ्तार 100 किलोमीटर प्रति घंटे के करीब बताई गई हैं। तेज बारिश और तूफान के चलते वीकेंड के दिन ओंकारेश्वर आने वाले श्रद्धालुओं को भी मुश्किल का सामना करना पड़ा हैं। मोरटक्का और आसपास के गांवों में कई मकानों के चद्दर भी उड़ गए हैं, जिससे लोगों का जनजीवन प्रभावित हो गया हैं। कुछ घरों में रखा अनाज भी भीग गया हैं। आम लोगों पर दोहरी मार पड़ गई हैं। इधर, खंडवा शहरी क्षेत्र में भी देर शाम को हवा में ठंडक बनीं रहीं हैं।

### वेदा पुल पर प्रतिबंध के बावजूद गुजर रहे भारी वाहन, डेढ़ फीट खिसकी पुल की प्लेट

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** • दोगांवा स्थित करीब 60 साल पुराने वेदा पुल की एक प्लेट लगातार खिसक रही है, जिससे पुल में लगभग डेढ़ फीट का गैप बन गया है। पुल की जर्जर हालत के बावजूद यहां से भारी वाहनों का आवागमन जारी है, जिससे बड़े हादसे की आशंका बढ़ गई है। करीब 40 फीट ऊंचे इस पुल से प्रतिदिन लगभग 5000 छोटे-बड़े चार पहिया वाहन गुजरते हैं। इनमें बड़ी संख्या में भारी वाहन भी शामिल हैं। रविवार को भारी वाहनों के गुजरने के दौरान पुल में कंपन महसूस किया गया, जिससे स्थानीय लोगों की चिंता और बढ़ गई। दिसंबर में इसी निर्माणाधीन पुल से एक भारी वाहन नीचे गिर गया था, जिसमें चालक की मौत हो गई थी। घटना के बाद एडीएम ने कार्यपालन यंत्री, डिवीजन इंदौर की रिपोर्ट के आधार पर पुल से भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए थे। इसके बावजूद मौके पर प्रतिबंध का प्रभाव दिखाई नहीं दे रहा है और भारी वाहन लगातार पुल से गुजर रहे हैं। पुल की क्षतिग्रस्त स्थिति को देखते हुए वाहनों के नदी में गिरने का खतरा बना हुआ है। इस संबंध में कसरावद एसडीएम अनिल जैन ने बताया कि पुल पर आवश्यक सुरक्षा इंतजाम किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कसरावद थाना प्रभारी से चर्चा कर पुल पर पुलिस बल तैनात किया जाएगा, ताकि भारी वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित किया जा सके।

## दो मकानों पर छापे, घरों से सागौन बरामद

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** • अवैध लकड़ी कारोबार के खिलाफ शुक्रवार को वन विभाग ने बड़ा अभियान चलाया। डीएफओ राकेश कुमार डामोर के निर्देश पर गुड़ी रेंज के अमले ने शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में चार अलग-अलग स्थानों पर छापामार कार्रवाई की है। इस दौरान अवैध रूप से संग्रहित वन उपज, बिना परमिट परिवहन कर रहा एक ट्रक और घरों से सागौन की अवैध चिरान जब्त कर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किए गए हैं।

अभियान के तहत वन अमले ने सबसे पहले खंडवा स्थित बालाजी टिंबर मार्ट का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच के दौरान यहां करीब 144 लकड़ी के चट्टे संदिग्ध और अवैध रूप से संग्रहित पाए गए। फिलहाल विभाग द्वारा लकड़ी से संबंधित अभिलेखों और वैध दस्तावेजों की जांच की जा रही है, जिसके बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई होगी।

**बिना परमिट लकड़ी ले जा रहा ट्रक पकड़ा**- टीम ने अपनी दूसरी कार्रवाई में लकड़ी का परिवहन कर रहे एक ट्रक को



रोका और दस्तावेजों की मांग की। जांच के दौरान वाहन चालक वैध अभिवहन (ट्रांजिट) पास प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद वन अमले ने ट्रक और उसमें लदी पूरी लकड़ी को जब्त कर लिया है। इस मामले में वन अपराध का प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

**दो घरों पर छापा, अवैध सागौन की चिरान जब्त**- तीसरी कार्रवाई गांधवा-केदारखेड़ी मार्ग स्थित बृजेश पटेल के निवास पर की गई। घर की तलाशी के दौरान यहां से सागौन की अवैध चिरान बरामद हुई, जिसे तुरंत जब्त कर लिया गया। वहीं, चौथी कार्रवाई गांधवा निवासी सुंदर विश्वकर्मा के घर पर हुई। यहां भी सागौन की अवैध चिरान मिलने पर जब्ती की गई है। अधिकारियों के अनुसार, दोनों मामलों में वन अधिनियम के तहत केस दर्ज किया जा रहा है।

**अवैध कटाई पर आगे भी जारी रहेगी सख्ती**- वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन उपज के अवैध परिवहन, कटाई और भंडारण में शामिल लोगों पर यह सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। विभाग ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि यदि उन्हें कहीं भी वन अपराध या अवैध लकड़ी कारोबार की जानकारी मिलती है, तो वे तत्काल इसकी सूचना निकटतम वन कार्यालय को दें।



# माता टेकरी पर हजार फीट तक की आग बुझाने तैयारी

## 1 लाख लीटर पानी की अंडरग्राउंड पाइपलाइन; 5 सेक्टरों में बांटा जाएगा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**देवास** ● देवास में माता टेकरी पर इस गर्मी में तीन बार आग लगने की घटनाओं के बाद प्रशासन और प्रबंधन समिति ने व्यापक फायर सेफ्टी प्लान तैयार किया है। इसका उद्देश्य भविष्य में ऐसी घटनाओं से प्रभावी ढंग से निपटना है।

नए प्लान के तहत, लगभग 25 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में फैली माता टेकरी को पांच सेक्टरों में बांटा जाएगा। प्रत्येक सेक्टर में आग लगने की स्थिति में तत्काल नियंत्रण के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी। सुरक्षा व्यवस्था के तहत, टेकरी पर दो हाई-प्रेशर मोटर पंप लगाए जाएंगे। इन पंपों से जुड़ी लगभग 1000 फीट लंबी पाइपलाइन के जरिए 25 फीट तक पानी की तेज धार फेंकी जा सकेगी। इससे झाड़ियों और दुर्गम क्षेत्रों में लगी आग पर आसानी से काबू पाया जा सकेगा। प्रबंध समिति के सुपरवाइजर मनीष यादव और उनकी टीम ने इन प्रेशर पंपों का चयन कर लिया है। इन्हें जल्द ही टेकरी पर स्थापित किया जाएगा, ताकि आपात स्थिति में तुरंत उपयोग किया जा सके। टेकरी प्रभारी और नायब तहसीलदार कपिल गुर्जर ने बताया कि आग की घटनाओं के बाद कलेक्टर के मार्गदर्शन में पूरे क्षेत्र का सर्वे और विश्लेषण किया गया।

### मंत्री को लिखा पत्र

# बस ऑपरेटरों की चेतावनी : 7 दिन में किराया बढ़ाओ वरना बस नहीं चलाएंगे

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**ग्वालियर** ● वर्ष 2021 के बाद से डीजल के दाम कई बार बढ़ चुके हैं, साथ ही ऑयल, टायर पार्ट्स, महंगे हो गए हैं, मगर किराया नहीं बढ़ाया गया है। वर्ष 2026 में डीजल के चार बार दाम बढ़ चुके हैं। ऐसे में बसों का संचालन करने में नुकसान उठाना पड़ रहा है, इसलिए साधारण बसों का किराया पहले 5 किलोमीटर के 14 रुपए और इसके बाद प्रति किमी 2.50 रुपए के हिसाब से किराया बढ़ाया जाए। किराए में बढ़ोतरी 7 दिन के अंदर नहीं की जाती है तो बस ऑपरेटर कभी भी बसों का संचालन बंद कर देंगे।



यह बात मध्य प्रदेश बस ऑनर्स एसोसिएशन ने प्रदेश के परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह को लिखे पत्र में कही है। इससे पहले एसोसिएशन ने 21 मई को किराए में बढ़ोतरी की मांग को लेकर परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव मनीष सिंह को पत्र लिखा था, जिसमें 2.50 रुपए प्रति किमी के हिसाब से किराया बढ़ाने की मांग की गई थी। गौरतलब है कि प्रदेश भर में 32 हजार बसें संचालित हैं, जिनके जरिए हर दिन 16 लाख यात्री सफर करते हैं। बस ऑपरेटर का कहना है कि वर्ष 2021 में बसों का किराया बढ़ाया गया था, लेकिन इन पांच सालों में डीजल के दाम कई बार बढ़ चुके हैं, साथ ही टायर, पार्ट्स व अन्य चीजों के दाम बढ़े हैं, मगर किराया नहीं बढ़ाया गया है। इसलिए किराया बढ़ाने की मांग परिवहन मंत्री से की है।

# आईटीआई इंदौर में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ, अंतिम तिथि 30 जून रहेगी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शासकीय संभागीय आईटीआई इंदौर में सत्र 2026 के लिये प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। जिसके अंतर्गत आईटीआई प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र एवं छात्रायें निकटतम एमपी ऑनलाईन पर जाकर https://dsd.mp.gov.in/ पोर्टल के माध्यम से आईटीआई में प्रवेश-2026 हेतु रजिस्ट्रेशन कर सकते है। आईटीआई प्रवेश-2026 हेतु रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 30 जून है। प्रवेश संबंधित अन्य किसी जानकारी के लिये शासकीय संभागीय आईटीआई नंदानगर में संपर्क किया जा सकता है। इसी तरह शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सांवेर के लिए भी आवेदन किया जा सकता है। सांवेर में इलेक्ट्रीशियन और इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक ट्रेड में प्रवेश दिया जाना है।

# सोनम रघुवंशी की जमानत पर शिलांग हाईकोर्ट अब 8 जून को देगी फैसला

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● राजा रघुवंशी हत्याकांड में आरोपी पत्नी सोनम रघुवंशी की जमानत पर फैसला टल गया है। मेघालय पुलिस की जमानत रद्द करने की याचिका पर शिलांग हाईकोर्ट में सुनवाई जारी है। बाकी सुनवाई के लिए 8 जून की तारीख तय की है। मेघालय के शिलांग में हनीमून पर गए राजा रघुवंशी की हत्या 23 मई 2025 को हुई थी। राजा का शव 2 जून 2025 को खाई में मिला था। इस मामले में पत्नी सोनम रघुवंशी को मुख्य आरोपी बनाया गया है। इसके साथ ही प्रेमी राज कुशवाह,आनंद कुर्मी, विशाल चौहान और आकाश राजपूत भी आरोपी हैं। सोनम को 27 अप्रैल 2026 को जिला अदालत से जमानत मिल गई। इसके खिलाफ मेघालय पुलिस ने शिलांग हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। इस मामले में 27 अप्रैल को सोनम को कई शर्तों के साथ जिला अदालत ने जमानत दी थी। इसके खिलाफ मेघालय पुलिस ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर जमानत रद्द करने की मांग की है। इस केस में एक जून को सुनवाई हुई और फिर 3 से 5 जून तक लगातार बहस चली। इसमें अभियोजन और बचाव पक्ष की ओर से भी दलीलें दी गईं।



# विधायक मालिनी गौड़ के प्रतिनिधि शेंडगे, पीए सहित सात पर हत्या के प्रयास में एफआईआर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विधायक मालिनी गौड़ के विधानसभा के प्रतिनिधि वीरेंद्र शेंडगे के बीच विवाद में बड़ा घटनाक्रम हुआ है। इस मामले में अन्नपूर्णा थाने में शेंडगे के साथ ही विधायक के पीए व कुल सात करीबियों पर हत्या के प्रयास की धाराओ में केस हो गया है। बीजेपी के विवादित नेता और विधायक मालिनी गौड़ के प्रतिनिधि शेंडगे का संघ के पदाधिकारी चेतन पाटिल को पीटना भारी पड़ गया है। शेंडगे के साथ ही विधायक के करीबी सात लोगों पर हत्या के प्रयास की धारा में केस रजिस्टर्ड हो गया है।

इसमें गौड़ के पीए प्रणय चित्तौड़ा भी है। अब किसी भी समय इनकी गिरफ्तारी हो जाएगी। संघ कार्यकर्ताओं का गुस्सा इतना ज्यादा था कि शेंडगे के साथ ही इस मारपीट घटना में शामिल रहे शानू दिघे के घर पर भी अज्ञात लोग पहुंचे और जमकर पथराव हुआ। जानकारी के अनुसार चेतन पाटिल के दोस्त की भाभी की शिकायत पर इसमें वीरेंद्र शेंडगे, गिरीश शेंडगे, शानू उर्फ सौरभ दिघे, मनीष ईमोलिया, प्रशांत सोनी, प्रणय चित्तौड़ा, अमित कोकाटे व अन्य साथियों पर केस हुआ है। बीएनएस की धारा 109(1), 330(2), 296(ए), 62 व 3(5) में केस हुआ है। जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति द्वारा शेंडगे के उषानगर स्थित मल्टी (इसमें नीचे दुकान व ऊपर आवास है) के बाहर कुत्तों का भोजन डाला जा रहा था। दो दिन पहले शेंडगे के कुछ लोगों ने समझाया। फिर शनिवार रात को फिर भोजन डाला तो उसे रोका और जमकर विवाद हुआ। सामने वाले ने खुद को संघ से जुड़ा हुआ भी बताया लेकिन शेंडगे और उनके साथ वाले नहीं माने। बताया जाता है कि शेंडगे के साथ कुछ लोगों ने उसके साथ हाथापाई भी की। मामला अन्नपूर्णा थाने तक गया लेकिन मामला रफा-दफा हो गया। बात रात को टल गई लेकिन संघ के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं तक मामला पहुंचा। बताया जाता है कि नाराज लोग सुबह बाइक से शेंडगे की मल्टी पर पहुंचे और दुकान व आवास पर पथराव किया।

### यह लिखवाई गई है एफआईआर

फरियादी इसमें चेतन पाटिल की भाभी जाईन पति सूर्यांश है। उन्होंने बताया कि शनिवार रात को महू नाका से अन्नपूर्णा जा रही थी। तभी देखा कि देवर सुजेंद्र के दोस्त चेतन पाटिल से 6 जून की रात 11 बजे मारपीट हो रही थी। गणेशानंद पाठक भी थे, मोबाइल से वीडियो बनाया, लेकिन शानू ने मोबाइल छीन लिया। चेतन के साथ शेंडगे व अन्य साथियों ने मारपीट की। वीरेंद्र ने चाकू निकाला। आज फिर सुबह सात बजे दोपहर 12 बजे करीब मैं अपने घर पर थी तभी वीरेंद्र, प्रशांत, प्रणय चित्तौडा अन्य मेरे घर में जबरदस्ती घुसे, घर में तोड़फोड़ की और धमकी दी चेहरा बिगाड़ दूंगा। घर में घुसकर चाकू भी दिखाया।



# व्यापमं घोटाले के आरोपी डॉ. शिल्पकार का कांड, डॉक्टर की हत्या की साजिश का आरोप

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● प्रदेश के चर्चित व्यापमं घोटाले के मुख्य आरोपियों में से एक डॉ. संजीव शिल्पकार पर गंभीर आरोप लगे हैं। आगर-मालवा की एक महिला ने शिल्पकार पर उनके डॉक्टर पति की हत्या की साजिश करने के साथ कई और आरोप लगाए हैं। मध्यप्रदेश में साल 2013 में सामने आए व्यापमं घोटाले के मुख्य आरोपियों में से एक डॉ. संजीव शिल्पकार भी था। बाद में अन्य आरोपियों की तरह उसकी भी जमानत हो गई थी। अभी वह आगर-मालवा जिले के सुसनेर में रहकर सोनोग्राफी सेंटर चला रहा है। अब वहीं की एक महिला प्रतिज्ञा भावसार ने शनिवार को इंदौर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए उस पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

व्यापमं घोटाले में डॉ. संजीव शिल्पकार पर आरोप है कि उसने अन्य आरोपियों के साथ मिलकर प्री-मेडिकल टेस्ट में हेरफेर की। वह होशियार छात्रों (स्कोरर) और व्यापमं अधिकारियों को रिश्वत देकर अयोग्य छात्रों की ओएमआर शीट बदलवाते थे। साथ ही, उन्हें परीक्षा में पास करवाते थे।

### मेरे पति की जहर देकर हत्या की साजिश की

महिला ने आरोप लगाया कि शिल्पकार जमानत की शर्तों का उल्लंघन करते हुए चार साल से आगर में रह रहा है। वहां सुसनेर में सोनोग्राफी सेंटर पर काम किया और फिर उसी पर कब्जे की कोशिश की। इसके लिए सेंटर संभालने वाले मेरे पति डॉ. वैभव भावसार को जहर देकर मारने की कोशिश की। इसके बाद से वह एक साल से बिस्तर पर हैं। पुलिस को शिकायत की गई लेकिन एफआईआर तक दर्ज नहीं की गई है।

### शासन, डॉक्टर कर रहे मदद, दे रहा कमीशन

महिला ने आरोप लगाए कि इस मामले में शासन और डॉक्टर सभी उसका साथ दे रहे हैं। कारण है कि वह सोनोग्राफी सेंटर पर मरीज भेजने के बदले उन्हें लंबा कमीशन देता है। इसके चलते स्थानीय सीएमएचओ और शासन कोई भी शिल्पकार पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।

# आज तक जांचना होगी बोर्ड की दूसरी परीक्षा की कॉपियां

### 10 जून के बाद घोषित होगा रिजल्ट

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मई माह में माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा ली गई कक्षा 10वीं और 12वीं की दूसरी बोर्ड परीक्षा की कॉपियां जांचने का काम जारी है। जानकारी के अनुसार सभी सेंटरों को 8 जून तक कॉपियां जांचने को कहा गया है, ताकि जल्द से जल्द रिजल्ट घोषित किया जा सके। इंदौर में अब तक हाई स्कूल का 80 प्रतिशत और कक्षा 12वीं का 60 प्रतिशत काम पूरा हो पाया है। गत माह 7 से 26 मई तक बोर्ड की दूसरी परीक्षा आयोजित की गई थी। उसके बाद 28 मई के बाद कॉपियां जांचने काम शुरू हुआ। शुरु में जनगणना में लगे मूल्यांकनकर्ता के कारण कॉपियां जांचने का काम थोड़ा धीमा रहा। अभी भी हाईस्कूल के लिए 70 तो हायर सेकेंडरी की कॉपियां जांचने के लिए लगभग 75 मूल्यांकनकर्ता आ रहे हैं। इंदौर के मालव कन्या स्कूल में मूल्यांकन कार्य चल रहा है। हायर सेकेंडरी के कुल 37 विषयों में से 11 विषयों की कॉपियां जांची जा चुकी हैं।

**जल्द से जल्द रिजल्ट घोषित करने की तैयारी**- इंदौर सहित प्रदेश के सेंटरों पर कॉपियां जांचने का काम जारी है। बोर्ड ने 8 जून तक सभी सेंटरों को कॉपियां जांचने को कहा है, ताकि जल्द से जल्द रिजल्ट घोषित किया जा सके। यदि 8 जून तक सभी सेंटरों पर कॉपियां जच गई तो 10-11 जून तक रिजल्ट घोषित कर दिया जाएगा।

# 1 करोड़ में 44 लाख बच्चों की नहीं बन पाई अपार आईडी, शिक्षा विभाग करेगा सख्ती

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● मप्र में बच्चों की अपार आईडी बनवाने में स्कूल शिक्षा विभाग ने सख्ती दिखाई है। कारण है कि भारत सरकार के निर्देशानुसार नर्सरी से लेकर बारहवीं तक दर्ज प्रत्येक बच्चे के लिए यह डिजिटल पहचान पत्र जरूरी है। जबकि स्कूलों में अभी भी 44 लाख बच्चे ऐसे हैं जो इस व्यवस्था से नहीं जुड़ पाये हैं। नतीजतन 30 जून तक यह काम कंपलीट होना है। इसके लिए विद्यालयों में अपार आईडी दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है। विभाग में अधिकारियों के अनुसार प्रदेश स्कूलों में दर्ज प्रत्येक विद्यार्थी का शैक्षणिक रिकार्ड सरक्षित होगा। इसके लिए भारत सरकार

**30 जून तक करना होगा वर्क कंपलीट**-द्वारा अपार आईडी (ऑटोमोटेड परमानेंट एकेडिमिक एकाउंट रजिस्ट्री) की सुविधा प्रारंभ की है। यह आईडी 12 अंकों की एक विशिष्ट पहचान संख्या में होगी। बच्चों को अपार आईडी हेतु पंजीयन करने में काई कठिनाई न आये, इसके लिए भारत सरकार के द्वारा अपार पोर्टल तैयार किया गया है। इस पर विद्यार्थी के आईडी पंजीयन के अधिकार संबंधित शासकीय एवं अशासकीय शाला के प्राचार्य एवं प्रधान अध्यापक को दिए गए हैं। विद्यार्थी अपनी शाला के प्राचार्य से संपर्क कर अपनी अपार आईडी तैयार करवा सकते हैं। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया




है कि विद्यार्थियों की अपार आईडी तैयार करवाने प्राचार्य ही उत्तरदायी होंगे।

**44 लाख बच्चों की आईडी शेष**-स्कूल शिक्षा विभाग के अनुसार प्रदेश के स्कूलों में 1 करोड़ 39 लाख 38 हजार शॉलेय विद्यार्थी हैं, जिनकी अपार आईडी का निर्माण किया जाना है। अब तक 95 लाख 97 हजार विद्यार्थियों की आईडी बन चुकी है। शेष 44 लाख 47 हजार विद्यार्थियों की आईडी शेष है। जिसे 30 जून तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। शनिवार से यह शुरूआत की गई है। अपार दिवस के तहत बड़ी संख्या में विद्यार्थी अपार पंजीयन कराने के लिए पहुंचे। जिला-ब्लाक और स्कूल स्तर पर मेगा दिवस मनाने की शुरुआत की गई है। यदि विद्यार्थियों को कोर्ट समस्या आती है तो तत्काल उनकी मदद की जाए।

# रेलवे स्टेशन पर शिफ्टिंग नया बुकिंग ऑफिस तैयार, टूटेगी पुरानी इमारत




**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य ने आखिरकार अब गति पकड़ ही ली है। स्टेशन की पुरानी इमारत को हटाने की तैयारी के बीच रेलवे प्रशासन ने बुकिग कार्यालय और विभिन्न विभागीय कार्यालयों की शिफ्टिंग शुरू कर दी है। प्लेटफॉर्म नंबर-1 स्थित मौजूदा बुकिग कार्यालय को नए भवन में स्थानांतरित किया जाएगा, जिसका निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। यह नया कार्यालय स्टेशन परिसर में प्रवेश क्षेत्र के सामने तैयार किया गया है।

रेलवे अफसरों के अनुसार स्टेशन पुनर्निर्माण परियोजना के तहत पुरानी संरचनाओं को चरणबद्ध तरीके से हटाया जाएगा। इसके पहले वहां संचालित कार्यालयों और कर्मचारियों की व्यवस्था दूसरे स्थानों पर की जा रही है। बुकिग कार्यालय के अलावा कुछ विभागीय कार्यालयों को रिजर्वेशन ऑफिस परिसर में शिफ्ट किया जाएगा, जबकि कुछ इकाइयों को प्लेटफॉर्म नंबर-4 की ओर स्थानांतरित किया जाएगा। अधिकारियों के लिए अस्थायी व्यवस्था के तौर पर कंटेनर केबिन भी तैयार किए गए हैं। कुछ अधिकारियों के कार्यालय कंटेनर आधारित केबिनों में संचालित होंगे। रेलवे का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान यात्रियों को कम से कम परेशानी हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं चरणबद्ध तरीके से लागू की जा रही हैं। उल्लेखनीय है कि इंदौर रेलवे स्टेशन की बिल्डिग का पुनर्निमाण किया जा रहा है। सिहस्थ तक इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

### अग्निशमन प्रावधान के साथ बड़े भवनों में फायर सुपरवाइजर जरूरी

# भवन मालिकों पर बढ़ सकता है प्रॉपर्टी टैक्स के साथ फायर सेफ्टी का बोझ

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● दिल्ली के एक होटल में आग की घटना के बाद प्रदेश सरकार फायर सेफ्टी को लेकर गंभीर हो गई है। इसके लिए फायर सेफ्टी से जुड़े प्रावधानों को सख्त करने की तैयारी की गई है। अगले विधानसभा सत्र में मप्र अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं विधेयक लाया जाएगा। विधेयक के ड्राफ्ट के अनुसार, भवन मालिकों से संपत्तिकर के साथ फायर सेफ्टी उपकर जैसे अन्य कर वसूले जाएंगे। वहीं बड़े भवनों, मॉल, व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स, मल्टी स्टोरी और भवन फायर सुपरवाइजर की नियुक्ति करना होगा। इसका काम फायर के प्रावधानों को सतत बनाए रखना, फायर सेफ्टी की निगरानी और परिसर में बने भवनों में इसका पालन कराना और निगम निगम को इसकी रिपोर्ट देना है। भवन मालिकों को नेशनल बिल्डिंग कोड के नियमों का पालन करना अनिवार्य किया गया है। फायर सेफ्टी प्रमाण पत्र अथवा एनओसी नहीं लेने पर भवन मालिकों पर पांच लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया जाएगा।




**पानी नहीं देने पर 15 हजार का जुर्माना :** फायर टीम किसी के जल स्त्रोत से भी अधिकार पूर्वक पानी ले सकेगी। यहां तक की पड़ोसी के यहां की टंकी भी खाली कर सकती है। पानी नहीं देने पर 15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जा सकता है। इसके साथ ही 3,000 हजार रुपए प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना लगाया जा सकता है। भवन में किसी तरह का खतरा समझ आने पर उसे खाली कराया जा सकता है।

**रास्ता रोकने पड़ेगा महंगा :** रास्ते से अवरुद्ध हटाने और उस जुर्माना लगाने का अधिकार फायर टीम के पास होगा। रास्ता रोकने वालों पर एक लाख रुपए तक अर्थदंड वसूला जाएगा। फायर की सूचना मिलने पर शहरी क्षेत्रों में 6 मिनट और ग्रामीण क्षेत्रों में 10 मिनट वाहन पहुंचेगा।

**घर सील करने का अधिकार :** जिस भवन में आग लगेगी उसी सील करने का अधिकार फायर सेफ्टी अधिकारी को होगा। आग लगने के कारण की जांच पड़ताल के बाद भवन की सील को खोला जाएगा। अगर भवन मालिक सील को तोडता है अथवा उसके साथ छेड़छाड़ करता है तो पांच लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। जुर्माना नहीं देने पर सजा का भी प्रावधान रखा गया है।

**फॉल्स कॉल करने पर लगेगा अंकुश :** फायर स्टेशन पर गलत, मजाकिया या फॉल्स कॉल करने पर सख्ती की गई है। वहीं गलत जानकारी अथवा फाल्स कॉल्स कर सूचना देने पर 20 हजार रुपए का जुर्माना देना पड़ेगा। निकाय, जनपद पंचायत, जिला और प्रदेश स्तर पर काल सेंटर होगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरुद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।